दिन—बुधवार दिनांक— 29 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. पटना उच्च न्यायालय ने कहा — बीटेक डिग्रीधारी जूनियर इंजीनियर, जेई पद के योग्य नहीं हैं।

02. राज्य सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में कम—से—कम पांच और मध्य विद्यालयों में नौ शिक्षकों की नियुक्ति का मानक तय किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा आज कटिहार में। एक सौ पैंतालीस योजनाओं का करेंगे उद्‌घाटन और शिलान्यास।

04. और, मौनी अमावस्या के अवसर पर गंगा समेत अन्य नदियों में श्रद्धालु लगा रहे है आस्था की डुबकी। प्रयागराज महाकुम्भ में भी अमृत स्नान जारी।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने कहा है कि बीटेक डिग्रीधारी जूनियर इंजीनियर, जेई पद के योग्य नहीं हैं। जल संसाधन विभाग के अधीन सिविल इंजीनियरिंग संवर्ग भर्ती नियम—दो हजार तेईस को चुनौती देने वाली अर्जी को खारिज करते हुये न्यायालय ने यह आदेश दिया। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की खंडपीठ ने कहा कि राज्य को अर्हता निर्धारित करने का अधिकार है। गौरतलब है कि जूनियर इंजीनियर पद पर नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने योग्यता के रूप में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष निर्धारित किया है। इस प्रावधान को हाई कोर्ट में चुनौती दी गयी थी।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षक समेत कम—से—कम पांच शिक्षक की नियुक्ति का मानक तय किया है। वहीं, मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक समेत कम से कम नौ शिक्षक होंगे। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इसी मानक के अनुरूप विद्यालयवार शिक्षकों के स्वीकृत बल और आवश्यक शिक्षकों की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। यह रिपोर्ट ई—शिक्षाकोष पोर्टल पर इकतीस जनवरी तक अपलोड की जानी है।

———————————————————————

राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद, एनसीटीई ने नेशनल इंस्टीट्‌यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग के अठारह महीने के डीएलएड कोर्स को मान्यता प्रदान कर दी है। एनसीटीई ने इस संबंध में सभी राज्यों को आदेश जारी कर दिया है।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग— बीपीएससी की ओर से आयोजित सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना हाई कोर्ट में दायर सभी याचिकाओं पर अब एक साथ सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति नानी तागिया की एकलपीठ ने एक मामले की सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के क्रम में कटिहार के दौरे पर रहेंगे। श्री कुमार एक सौ छियासठ करोड़ रूपये की लागत वाली कुल एक सौ पैंतालीस योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री जिले को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे। वे रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में नव निर्मित पुस्तकालय और खेल मैदान का उद्‌घाटन करेंगे। श्री कुमार विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण करेंगे और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों तथा जीविका दीदियों के साथ संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री मनिहारी स्थित गोगा बिल झील का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लेंगे। उनका कटिहार समाहरणालय में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में भी भाग लेने का कार्यक्रम है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

———————————————————————

राज्य के सरकारी अस्पतालों में कतार प्रबंधन प्रणाली लागू होगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि अस्पतालों में मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुये जिला से लेकर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक की ओपीडी सेवा में टोकन के जरिए नंबर लगाने की व्यवस्था लागू की जायेगी। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के तहत ओपीडी पंजीकरण काउंटर पर मरीजों को टोकन नंबर भी दिया जाएगा। इसमें संबंधित चिकित्सक का नाम अंकित रहेगा। इससे मरीजों को अपनी बारी का इंतजार व्यवस्थित तरीके से करने में मदद मिलेगी। ओपीडी के साथ—साथ नर्सिंग डेस्क और दवा वितरण काउंटर पर भी टोकन नंबर और अन्य संबंधित जानकारी इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले डिवाइस पर प्रदर्शित की जाएगी।

———————————————————————

प्रदेश में इकतालीस औद्योगिक इकाइयां आठ सौ चौवालीस करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद की उनसठवीं बैठक में इन निवेश प्रस्तावों को सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत ने बताया कि बैठक में उनतीस औद्योगिक इकाइयों को लगभग तीन सौ उनहत्तर करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की गयी।

———————————————————————

पटना यातायात पुलिस ने जाम की समस्या को देखते हुए गांधी सेतु पर आवागमन की व्यवस्था में बदलाव किया है। ट्रैफिक एसपी अभिनव लोहान ने बताया कि आज रात से चौबीस घंटे तक नौबतपुर से पटना एम्स, फुलवारीशरीफ ब्रेकर होकर जीरो माइल तक ट्रकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ये वाहन नौबतपुर सिक्स लेन से बिहटा–सरमेरा रोड–बेलदारीचक से गोपालपुर के रास्ते जीरो माइल होते हुए गांधी सेतु तक जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि गांधी सेतु से प्रतिदिन गुजरने वाले ट्रकों की संख्या तीन सौ तक सीमित की जाएगी। वर्तमान में गांधी सेतु से प्रतिदिन एक हजार ट्रकों को प्रवेश दिया जा रहा है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल उत्तराखंड के देहरादून में एक भव्य समारोह में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल सिर्फ आयोजन ही नहीं है बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन मंच है। श्री मोदी ने कहा कि भारत दो हजार छत्तीस ओलंपिक की मेजबानी के लिए अथक प्रयास कर रहा है।

———बाईट———

जब भारत में ओलंपिक होगा, तो भारत के स्पोटर्स को एक नये आसमान पर ले जाएगा। ओलंपिक सिर्फ एक खेल का आयोजन भर नहीं होता, दुनिया के जिन देशों में भी ओलंपिक होता है, वहां अनेक सेक्टर को गति मिलती है।

उद्घाटन समारोह में बिहार सहित देश भर के एथलीटों ने एकता और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए जीवंत एथलीट परेड में भाग लिया। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड के आठ जिलों के ग्यारह शहरों में, अगले महीने की चौदह तारीख तक किया जा रहा है। इसमें पैंतीस खेलों की कुल सैंतालीस स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

———————————————————————————

आज मौनी अमावस्या है। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज के दिन का विशेष महत्व है। आज के दिन लोग गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों में पवित्र स्नान करते हैं। हमारे पटना संवाददाता ने बताया कि अहले सुबह से ही पटना के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

———रिपोर्ट———

पटना के दीघा गंगा घाट, एलटीसी घाट, कृष्णा घाट, एनआईटी घाट और काली मंदिर घाट समेत अन्य घाटों पर लोग सुबह से ही पवित्र स्नान कर रहे हैं। स्नान के बाद श्रद्धालु मंदिरों में पूजा–पाठ कर दान–पुण्य भी कर रहे हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। प्रशासन की ओर से घाटों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए गोताखोरों की तैनाती की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, बेगूसराय के सिमरिया गंगा घाम, बक्सर के रामरेखा घाट, भागलपुर के सुल्तानगंज, मुंगेर के कष्टहरणी घाट तथा सारण के कनहौरा घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र स्नान कर रहे हैं।

——————————————————————

और अब खबरें महाकुम्भ से——

———म्यूजिक———

प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान जारी है। इस दिवस पर अमृत स्नान अत्यंत पावन माना जाता है। एक रिपोर्ट—

........रिपोर्ट.....

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते कल रात संगम नोज पर अफरा—तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। हालांकि अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और पवित्र स्नान शांतिपूर्वक जारी है।

——————————————————————

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अतिरिक्त रेलगाड़ियों का परिचालन शुरू किया गया है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि रेलवे ने पहले से तय विशेष ट्रेनों के अलावा साठ और विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है।

———बाईट———

जो डी—डे है जो कल है, उसपे हम कम से कम एक सौ 70 से एक सौ 80 गाड़ियां स्पेशल चलाएंगे। वन नाइंटी तक हमलोग जाएंगे। ये तो केवल स्पेशल गाड़ी की बात है। इसके अतिरिक्त एक सौ 10 गाड़ियां जो रेगुलर गाड़ियां उस रूट पर चलती हैं वो चलेंगी। प्रयागराज एरिया से हमारे पास जो गाड़ियां हैं, वो हर चार मिनट में आपको एक गाडी मिलेगी वह एक बड़ी उपलब्धी है।

श्री कुमार ने कहा कि रेलवे, उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का काम कर रहा है।

——————————————————————

प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में आज भी घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में अच्छी धूप खिली है। हालांकि सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी।

———बाईट———

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– हर गरीब परिवार को दो लाख रूपये की मदद मिल रही है।

दैनिक जागरण ने लिखा है– तीन मार्च को आ सकता है बिहार का बजट।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बिहार में लड़कियों से ज्यादा लड़के छोड़ रहे पढ़ाई, एडमीशन में भी पीछे।

प्रभात खबर की सुर्खी है– जसप्रीत बुमराह बने साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– अवैध प्रवासियों के मामले में बोले अमेरिकी राष्ट्रपति– मोदी वही करेंगे जो सही है।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पटना उच्च न्यायालय ने कहा – बीटेक डिग्रीधारी जूनियर इंजीनियर, जेई पद के योग्य नहीं हैं।

02. राज्य सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में कम–से–कम पांच और मध्य विद्यालयों में नौ शिक्षकों की नियुक्ति का मानक तय किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा आज कटिहार में। एक सौ पैंतालीस योजनाओं का करेंगे उद्‌घाटन और शिलान्यास।

04. और, मौनी अमावस्या के अवसर पर गंगा समेत अन्य नदियों में श्रद्धालु लगा रहे है आस्था की डुबकी। प्रयागराज महाकुम्भ में भी अमृत स्नान जारी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।